

# केशव न्यूज

**अनमोल वचन**

लफ़्ज़ और उनको बोलने का लहज़ा ही होते हैं इंसान का आईना, शक्ल का क्या है वो तो उम्र और हालात के साथ, अक्सर 'बदल' जाती है।

www.keshavtv24.com शनिवार 1 फ़रवरी 2025 वर्ष 01 अंक 01 पृष्ठ 4 keshavtvbihar@gmail.com


## आस पास की खबरे

संवाददाता केशव न्यूज

### *जमुई में बाइक और ई–रिक्शा के बीच टक्कर, 3 बाइक सवार और एक महिला घायल, चालक फरार*

जमुई के झाझा थाना क्षेत्र के सतीघाट में शुक्रवार को तेज रफ्तार ई–रिक्शा और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन बाइक सवार और ई–रिक्शा में यात्रा कर रही एक महिला शामिल हैं।

घायल बाइक सवारों की पहचान विशुनदेव यादव, गेनारी यादव और सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। तीनों जामुखरैया गांव के निवासी हैं। वहीं, ई–रिक्शा में सवार महिला हेमंती देवी के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

विशुनदेव यादव ने बताया कि वे तीनों अम. रपुरा गांव में चापाकल बोरिंग का काम करने जा रहे थे। सतीघाट के पास तेज गति से आ रहे ई–रिक्शा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ई–रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल महिला हेमंती देवी स्वयं अस्पताल पहुंची।

घटना की सूचना मिलते ही झाझा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ई–रिक्शा चालक की तलाश कर रही है। इस हादसे ने स्थानीय लोगों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### *जमुई में नशे में मुखिया पति का हंगामा, ग्रामीणों से गाली–गलौज*

बिहार के जमुई जिले के चंद्रदीप थाना क्षेत्र अंतर्गत आढ़ा पंचायत में गुरुवार रात मुखिया हिना कौशल के पति मोहम्मद शमशाद ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ गाली–गलौज की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

स्थानीय निवासी मोहम्मद रागिब के अनुसार, मोहम्मद शमशाद, जो पूर्व पंचायत समिति सदस्य भी रह चुके हैं, ने शराब के नशे में कई ग्रामीणों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बावजूद शमशाद का हंगामा जारी रहा।

चंद्रदीप थानाध्यक्ष राजेंद्र साह ने कहा कि उन्हें केवल दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली थी। शराब पीने की कोई औपच. ारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन मामले की जांच की जाएगी।

घटना ने बिहार में लागू शराबबंदी कानून की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की लापरवाही पर चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## फरवरी में बक्सर आएंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जल शोधन संयंत्र और बहुउद्देशीय पंचायत भवन का करेंगे उद्घाटन

### बक्सर दौरे की तैयारी में जुटा प्रशासन, मुख्यमंत्री करेंगे कई परियोजनाओं का उद्घाटन

संवाददाता केशव न्यूज

बक्सर जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित यात्रा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जोर–शोर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री फरवरी के तीसरे सप्ताह में जिले का दौरा करेंगे, जहां वे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के तहत राजपुर प्रखंड के परसनपाह पंचायत में निर्मित बहुउद्देशीय पंचायत सरकार भवन और केशोपुर स्थित जल शोधन संयंत्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट) का उद्घाटन करेंगे। इन कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक लगातार स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। वे विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को ध्यान में रखते हुए जिले के सरकारी भवनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिला अतिथि गृह में बाउंड्री वॉल की मरम्मत और पूरे भवन की रंगाई–पुताई का




कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही अतिथि गृह के सामने स्थित जल टंकी की चारदीवारी और पेंटिंग का कार्य भी किया जा रहा है। प्रशासन यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की कमी न रहे। डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि यह बहुउद्देशीय पंचायत सरकार भवन मॉडर्न सुविधाओं से लैस होगा। इसके माध्यम से स्थानीय लोगों को अपने पंचायत में ही सभी सरकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें प्रखंड मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

डीएम ने कहा कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की दिशा में प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य लगभग अपने लक्ष्य के करीब है। संबंधित कार्य एजेंसी को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान जहां भी त्रुटियां पाई गईं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएम ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। योजनाओं की नियमित निगरानी और उनके धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

## दरभंगा में कामेश मंडल की हत्या मामले में प्रमुख आरोपी गिरफ्तार, हत्या का कारण बनी हाथापाई

### खैरा में हत्या मामले में आरोपी की गिरफ्तारी, पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हथियार किए बरामद

संवाददाता केशव न्यूज

दरभंगा के सदर अनुमंडल स्थित पतौर थाना क्षेत्र के खैरा बसौली चौड़ में 30 जनवरी को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जो मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। इस टीम ने खैरा गांव के मुख्य आरोपी प्रीतेश कुमार सिंह को समस्तीपुर जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के रहतौली से गिरफ्तार कर लिया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर के पास स्थित खैरा बसौली चौड़ में मुर्गा फार्म के नजदीक एक गहरे स्थान से देसी पिस्टल, 4 कारतूस, 3 खोखा और एक पिलेट बरामद किया, जो हत्या में प्रयुक्त किए गए थे।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए सीटी एसपी अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक कामेश मंडल और अभियुक्त प्रीतेश कुमार सिंह खैरा बसौली चौड़ में एक स्थान पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। बातचीत के दौरान दोनों के बीच इस बात को लेकर विवाद हुआ कि कौन ज्यादा कमाता है।




इस मुद्दे को लेकर दोनों के बीच हाथापाई हो गई और प्रीतेश कुमार सिंह ने गुस्से में आकर कामेश मंडल को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया और हत्या के मामलों में अभियुक्त की पूरी जानकारी जुटाई। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है और इस घटना से जुड़ी अन्य जानकारी एकत्रित कर रही है। पुलिस द्वारा बरामद हथियार और कारतूस इस हत्या में महत्वपूर्ण सबूत के रूप में काम करेंगे। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## अवैध हथियार के साथ पिता–पुत्र गिरफ्तार, 2 देसी कट्टा बरामद

पटना के खुसरूपुर इलाके में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के टेका बिगहा निवासी अमन राज (22) और उनके पिता उपेंद्र सिंह के रूप में हुई है। गुरुवार रात पुलिस टीम खुसरूपुर इलाके में रात्रि गश्त पर थी, तभी उनकी नजर दो संदिग्ध व्यक्तियों पर पड़ी। शक के आधार पर जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो दोनों भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया और खदेड़कर दोनों को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने तलाशी के दौरान 2 देसी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए। फिलहाल पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि आरोपियों से हथियारों के स्रोत और इसके इस्तेमाल के कारणों के बारे में पूछताछ की जा रही है। साथ ही उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच भी की जा रही है।

## छपरा में शिक्षक ने डेढ़ दर्जन महिलाओं से 10 लाख की ठगी, लोन नहीं चुकाने पर हुआ विवाद



संवाददाता केशव न्यूज

छपरा के मांझी प्रखंड के नरपालिया गांव में एक ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक ने करीब डेढ़ दर्जन महिलाओं के नाम पर लगभग 10 लाख रुपये का लोन लिया और उसकी किस्तें चुकाना बंद कर दिया। इससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरोपी शिक्षक की पहचान दाहिन महतो के पुत्र अनिल महतो के रूप में हुई है। पीड़ित महिलाओं में से किरण देवी ने मांझी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि अनिल महतो, जो गांव में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं, ने महिलाओं की एक बैठक बुलाई। वहां उन्होंने अपनी वित्तीय परेशानी का हवाला देते हुए उनके नाम पर लोन लेने का प्रस्ताव दिया और खुद किस्तें भरने का भरोसा दिलाया। अनिल महतो ने विभिन्न बैंकों से लोन लेकर रकम की निकासी कर ली। हालांकि, केवल तीन किस्तें चुकाने के बाद उन्होंने भुगतान बंद कर दिया। जब चौथी किस्त का भुगतान नहीं हुआ तो बैंक कर्मियों ने महिलाओं से राशि की मांग की। जब पीड़ित महिलाएं अनिल महतो के घर जवाब मांगने पहुंचीं, तो उनकी पत्नी कुंती देवी और पुत्र एकलव्य कुमार व बलकरण ने महिलाओं पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।




## बेगूसराय मे ज्वेलरी शॉप से 10 सेकेंड में 30 लाख की लूट, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

संवाददाता केशव न्यूज

बिहार के बेगूसराय जिले के वीरपुर बाजार में एक ज्वेलरी शॉप से मात्र 10 सेकेंड के भीतर 30 लाख रुपए से अधिक की लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस दौरान अपराधी सोने के आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। दुकानदार किरण साह ने बताया कि दुकान में दो शटर थे। उन्होंने एक शटर खोला और जैसे ही दूसरा शटर खोलने गए, तभी अचानक एक अप. राधी अंदर घुसा और काउंटर पर रखा बैग लेकर भाग निकला। बैग में करीब 400 ग्राम सोने के आभूषण और लॉकर की चाबी मौजूद थी। घटना के बाद किरण साह ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बदमाश तेजी से भाग चुका था। स्थानीय लोगों ने बदमाश को पकड़ने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। वीरपुर थाने के थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। फिलहाल दुकानदार से औपचारिक शिकायत का इंतजार है। आवेदन मिलने के बाद चोरी गए सामान की सही जानकारी मिल सकेगी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सुबह 10रू45 बजे एक युवक तेज़ी से अंदर घुसता है और बैग लेकर भाग जाता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश तेज कर दी है। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।




## 201 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं द्वारा भाव कलश शोभा यात्रा



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के रहुई प्रखंड के मई फरीदा पंचायत अंतर्गत लोहरमचक गांव में श्री प्रतिष्ठात्मक शतचंडी महायज्ञ और सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं रासलीला का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत एक भव्य कलश शोभायात्रा से हुई, जिसमें 251 कुमारी कन्याओं और महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा गोनवां रोड स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई, जो बोधनगर बाजार, निजाय रोड और अब्दुलहीचक होते हुए लोहरमचक गांव के देवी स्थान पर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन कर कलश स्थापित किया और इस मौके पर वातावरण भक्ति गीतों, डीजे साउंड और श्जय माता दीश के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन समिति के संयोजक पियूष कुमार ने बताया कि यह महायज्ञ और भागवत कथा नए देवी मंदिर के निर्माण के लिए आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और सात दिनों तक चलने वाले भागवत कथा के आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ उठाया।

### प्रशासन ने नकल रोकने के लिए उठाए कड़े कदम, सुरक्षा व्यवस्था भी चाक–चौबंद

## नालंदा में 42,357 परीक्षार्थी देंगे इंटर परीक्षा, प्रशासन ने नकल रोकने के लिए किए व्यापक इंतजाम

### 41 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और नकल रोकने के कड़े उपाय

संवाददाता केशव न्यूज

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए नालंदा प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। 1 फरवरी से शुरू होने वाली इस परीक्षा में 42,357 परीक्षार्थी भाग लेंगे, जिनमें 22,541 छात्र और 19,816 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा 41 केंद्रों पर होगी, जिनमें बिहारशरीफ में 32, राजगीर में 4 और हिलसा में 5 केंद्र होंगे। छात्राओं के लिए विशेष रूप से 18 केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान कुछ कड़े नियम लागू किए गए हैं। जूता–मोजा पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा, और उन्हें केवल चप्पल पहनकर ही परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी। इसके अलावा, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

पहली पाली में परीक्षार्थी को सुबह 9:00 बजे तक और दूसरी पाली में 1:30 बजे



तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। यदि किसी परीक्षार्थी को कोई समस्या आती है, तो वह टोल फ्री नंबर 18003456323 पर संपर्क कर सकते हैं।

परीक्षा केंद्रों के पास स्थित फोटो स्टेट दुकानों और कोचिंग संस्थानों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी। इस कदम से परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी और नकल मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने 218 स्टेटिक दंडाधिकारी, 38 गश्ती दल, 20 उड़नदस्ता और 7 सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात किए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और वीडियोग्राफी की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की सुरक्षा के लिए महिला दंडाधिकारी और महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।

अपर समाहर्ता मंजीत कुमार ने यह स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी, और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## मछली विक्रेताओं को मिलेगा सरकारी सहयोग, विशेष किट में मिलेंगे उपकरण



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के मछली विक्रेताओं और पालकों के लिए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत पात्र मछली विक्रेताओं को एक विशेष किट प्रदान की जाएगी, जिसमें मछली के भंडारण, कटाई और विक्रय से संबंधित आवश्यक उपकरण शामिल होंगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभु प्रसाद ने जानक. ारी दी कि यह योजना शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मछली विक्रेताओं को लाभान्वित करेगी। आवेदन की प्रक्रिया जारी है और पात्रता मान. दंडों को पूरा करने वाले लाभार्थियों का चयन श्पहले आओ, पहले पाओश के आधार पर किया जाएगा। योजना के तहत एससी–एसटी वर्ग के लाभार्थियों को 17,500 रुपये का अनुदान मिलेगा, जबकि अन्य वर्गों के लिए 13,300 रुपये की सब्सिडी निर्धारित की गई है। प्रत्येक किट की कुल लागत 19,000 रुपये है। इस किट में छतरी (धूप से बचाव के लिए), मछली पकड़ने के लिए जाल, स्टेनलेस स्टील कटर और स्केलर, तराजू और बटखरा, प्लास्टिक बाल्टी, भंडारण के लिए बॉक्स, मोबाइल लाइट, एप्रन और मास्क आदि शामिल हैं।

## नालंदा में अपर मुख्य सचिव का शिक्षा विभाग पर बड़ा शिकंजा, स्कूलों का किया निरीक्षण

संवाददाता केशव न्यूज

बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने शुक्रवार को नालंदा जिले के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ चौंकाने वाली स्थितियों का सामना किया, जो शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को दर्शाती हैं।

नूरसराय प्रखंड के गोविंदपुर बेलदारी में निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव को स्कूल समय में बाहर घूमती हुई दो छात्राएं मिलीं। एस सिद्धार्थ ने बिना समय गवाएं छात्राओं से पूछा कि वे स्कूल क्यों नहीं गईं। इसके बाद, उन्होंने छात्राओं के बैग की भी जांच की, ताकि पता चल सके कि वे स्कूल के लिए तैयार थीं या नहीं। छात्राओं से बातचीत के बाद, एस सिद्धार्थ ने एक स्थानीय महिला को निर्देशित किया कि वह उन छात्राओं को स्कूल भेजे ताकि वे अपनी पढ़ाई में कोई कमी न आने पाए।

इसके बाद, अपर मुख्य सचिव ने बिहारशरीफ प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालबाग का भी निरीक्षण किया। यहां भी एक और चौंकाने वाली स्थिति सामने आई। जब वे स्कूल पहुंचे, तो पाया



मुख्य सचिव ने कई स्कूलों का किया निरीक्षण

कि स्कूल का मुख्य द्वार तालाबंद था। यह देख उन्होंने तुरंत स्कूल की शिक्षिका की मदद से स्कूल का दरवाजा खोलवाया। स्कूल के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि उस दिन कुल 146 विद्यार्थी स्कूल में उपस्थित थे, लेकिन 10 शिक्षकों में से दो शिक्षिका इंटरमीडिएट परीक्षा में वीक्षक के रूप में ड्यूटी पर थे, जिसके कारण स्कूल में कुछ कमी दिख रही थी। अपर मुख्य सचिव ने दोनों स्कूलों में कक्षाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता भी जांची। उनके निरीक्षण से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया, क्योंकि इससे पहले ऐसा औचक निरीक्षण बहुत कम हुआ था। यह निरीक्षण शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस तरह के औचक निरीक्षण से न केवल स्कूलों में पारदर्शिता आती है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को भी सुधारने में मदद कर सकते हैं। अपर मुख्य सचिव ने इस निरीक्षण के बाद कुछ और स्कूलों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## *दो माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप, ससुराल पक्ष ने कहा– सुसाइड की है घटना*

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मई गांव में गुरुवार की रात एक नवविवा. हिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 22 वर्षीय चमेली देवी के रूप में की गई है, जो प्रेम रंजन पासवान की पत्नी थीं। शुक्रवार सुबह, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुं. चकर इस घटना की जानकारी दी।

चमेली देवी के भाई राहुल कुमार ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसकी बहन को दहेज के लिए मार डाला। राहुल ने बताया कि उसे ससुराल के आस–पास के लोगों से सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या कर दी गई है। चमेली देवी दो माह की गर्भवती भी थीं। राहुल के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद वह अपनी बहन के ससुराल पहुंचे और वहां से पता चला कि बहन को सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर शव स्ट्रेचर पर पड़ा हुआ था और परिवार वाले वहां से भाग गए थे। राहुल ने यह भी बताया कि शादी के वक्त उसकी बहन को चार लाख रुपये और सोने की चेन



दी गई थी, लेकिन कुछ समय से ससुराल पक्ष द्वारा मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे परेशान किया जा रहा था। चमेली देवी के भैंसुर जितेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार शाम को पति–पत्नी के बीच फोन पर बात हुई थी। इसके बाद चमेली देवी अपने कमरे में चली गई, जबकि वे लोग अपने बच्चों के साथ घर में बैठकर मोबाइल देख रहे थे। जब पड़ोसी से शादी की गीत गाकर लौटे तो किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं मिली, तब दरवाजा तोड़ने पर देखा गया कि वह कमरे में फंदे से लटक रही थीं। जितेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि उनका भाई पटना में मजदूरी का काम करता है। हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टम. ार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल, पुलिस को कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद

## परमेश्वरी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा समर्पण सम्मान समारोह 2025 का आयोजन

संवाददाता केशव न्यूज

बिहारशरीफ – परमेश्वरी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा बाबा मणिराम अखाड़ा स्थित महादेव मैरेज हॉल में समर्पण सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान देने वाली पांच विभूतियों को सम्मा. नित किया गया।

ट्रस्ट के सचिव विनय कुमार, कोषाध्यक्ष नूतन कुमारी और अन्य सदस्यगण ने सम्मानित





व्यक्तियों को श्रीफल, स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र, तुलसी का पौधा, डायरी, पेन और अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित विभूतियों में साहित्य के क्षेत्र में प्रसिद्ध कवयित्री अल्पना आनंद, चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. नरेश कुमार, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विनय भारती, शिक्षा के क्षेत्र में दीपक कुमार, तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए मानसून कुमार को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक रामेश्वर प्रसाद ने की, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी जाने–माने मगही कवि उमेश प्रसाद उमेश ने संभाली। कार्यक्रम में मो. फिरोज ने भी मंच संचालन किया।

अतिथियों के सम्मान में किड्ज केयर कान्वेंट की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

ट्रस्ट के सचिव विनय कुमार ने कहा कि समर्पण सम्मान का उद्देश्य समाज के उन व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना है जिन्होंने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया है। ऐसे व्यक्तियों का सम्मान दूसरों के लिए प्रेरणा बनता है। कार्यक्रम में मगही हास्य कवि रंजीत दुधु ने अपनी हास्य कविताओं से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया। समाज में सक्रिय पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों को भी सराहा गया और उन्हें ट्रस्ट की ओर से सम्मान राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महादेव मैरेज हॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर ऋषभ राज ने किया।







# डबल मर्डर कांड के आरोपियों के घर चिपकाया इश्तेहार – ढोल–बाजा के साथ पुलिस ने की घोषणा, 30 दिन में सरेंडर नहीं किया तो होगी कुर्की

संवाददाता केशव न्यूज

समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के हेतनपुर गांव में 15 दिसंबर की रात हुई डबल मर्डर के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाए। ढोल–बाजा के साथ पुलिस ने लाउडस्पीकर पर घोषणा करते हुए कहा कि अगर आरोपित 30 दिनों के अंदर पुलिस स्टेशन या कोर्ट में सरेंडर नहीं करते हैं, तो उनके घर की कुर्की की जाएगी।

15 दिसंबर की रात हुए इस हत्याकांड में एक ही परिवार के पाटीदारों के बीच गोल. ीबारी हुई थी। एक पक्ष से नवीन सिंह की जबकि दूसरे पक्ष से गौरव सिंह की मौत हो गई थी। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा प्राथ. मिकी दर्ज कराई गई थी और आरोपियों की पहचान की गई थी।

पुलिस द्वारा चिपकाए गए इश्तेहारों में आठ आरोपियों के नाम शामिल हैं, स्व. राम सुदिन यादव का बेटा अंश यादव, विजय यादव का बेटा रितिक कुमार यादव, रघुनाथ महतो का बेटा रवि राज, विमल प्रसाद सिंह का बेटा संजीव सिंह, अजय सिंह का बेटा सौरव कुमार, ओम प्रकाश सिंह उर्फ बंटी सिंह,





रघुनाथ सहनी का बेटा साहिल कुमार और मो. आशिक का बेटा वाशिम खान।

पुलिस ने इन आरोपियों को सरेंडर करने के लिए 30 दिन का समय दिया है, और इस दौरान कोई कार्रवाई नहीं करने पर उनकी संपत्ति कुर्क करने की चेतावनी दी है।

## पकड़ौवा विवाह का हाईवोल्टेज ड्रामा. जबरन शादी के बाद दूल्हा भागा, लड़की को घर में बांधने का आरोप



संवाददाता केशव न्यूज

सुपौल जिले के राजेश्वरी थाना क्षेत्र के शंकरपट्टी गांव में पकड़ौवा विवाह का मामला सामने आया है, जिसमें जबरन करवाई गई शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक को घेरकर उसकी जबरन शादी करवाई जा रही है। जब उसने मांग में सिंदूर भरने से इनकार किया, तो महिलाओं ने उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती सिंदूर डलवाया। इस दौरान उसे मारपीट की धमकी भी दी गई।

जानकारी के अनुसार, शादी से पहले लड़की को लेकर दो युवक फरार हो गए थे। इस घटना के बाद लड़की के परिजनों ने खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों ने कटही चौक पर लड़की सहित दोनों युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद लड़की पक्ष के लोग तीनों को अपने घर ले आए और जबरन विवाह करा दिया। युवक की पहचान ब्रह्मदेव मंडल के बेटे के रूप में हुई है।

लड़की के चाचा ने पुलिस में आवेदन देकर बताया कि विवाह के बाद युवक खिड़की तोड़कर घर से भाग गया और लड़की को घर में बांध दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक घर से जेवरात और 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। इस घटना के दौरान दूल्हे के साथ आए सुबोध दास के बेटे को लड़की के परिजनों ने बंधक बना लिया। हालांकि, स्थानीय स्तर पर हुए समझौते के बाद उसे रिहा कर दिया गया।

## तेजस्वी यादव का नीतीश कुमार पर हमला – 2024 में परिवारवाद के खिलाफ भाषण देने वाले अब बेटे को राजनीति में ला रहे हैं

संवाददाता केशव न्यूज

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने हाजीपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि सीएम नीतीश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए उनके बेटे निशांत कुमार राजनीति में आ सकते हैं। तेजस्वी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार वही नेता हैं, जो 2024 के चुनावों में पि. रवारवाद के खिलाफ भाषण दे रहे थे, और अब अपने बेटे को राजनीति में लाने की तैयारी कर रहे हैं।

तेजस्वी ने अपनी राजनीतिक यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वे राजनीति में आए, तब उनकी सरकार नहीं थी, और उन्होंने चुनावी क्षेत्र में संघर्ष किया। उन्होंने नीतीश सरकार पर कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि उनके मंत्रिमंडल में 80 प्रतिशत मंत्री परिवारवाद से जुड़े हुए हैं।



तेजस्वी ने यह आरोप भी लगाया कि कुछ लोग पार्टी को हाईजैक करना चाहते हैं। उन्होंने जनता दल यूनाइटेड के संस्थापक शरद यादव का नाम लेते हुए कहा कि अलग विचारधारा वाले लोग पार्टी को अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहे हैं।

हाजीपुर में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह जन संवाद कार्यक्रम में तेजस्वी ने राजद के पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर के नेताओं के साथ संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में महिलाओं से विशेष संवाद भी हुआ, जिसमें माई बहीन मान सम्मान योजना समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही 200 यूनिट मुफ्त बिजली, बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं के लिए पेंशन बढ़ाने, तथा युवाओं को रोजगार देने के वादों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। तेजस्वी का मुख्य लक्ष्य आगामी चुनाव में एक मजबूत सरकार का गठन करना है।

## *मुंगेर में जदयू नेता की हत्या मामले में पांच दोषियों को आजीवन कारावास, तीन बरी*

संवाददाता केशव न्यूज

मुंगेर जिले में जदयू नेता अविनाश चंद्र कुशवाहा उर्फ जुगनू मंडल की हत्या के चार साल पुराने मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। मुंगेर के एडीजे–4 धीरज कुमार मिश्रा की अदालत ने 25 जनवरी को पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में आठ अभियुक्तों पर आरोप था, जिनमें से तीन को सबूत के अभाव में बरी कर दिया गया।

यह मामला 19 जून 2020 को जमालपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव का है, जहां जदयू नेता अविनाश चंद्र कुशवाहा उर्फ जुगनू मंडल की धारदार हथियार और गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता चमक प्रसाद कुशवाहा ने पुलिस में मामला दर्ज कर आरोपितों की पहचान की थी। इस घटना के बाद संतोष झा, राजेश झा, गुलाब झा, रामबली मंडल सहित कई अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

न्यायालय ने अपनी सुनवाई में सबूतों और गवाहों के बयान को प्रमुख आधार बनाते हुए यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इस हत्या के लिए आरोपितों ने



पूर्व से साजिश रची थी और घटना को अंजाम दिया। सजा के रूप में अजीत कुमार, राजेश झा, रामबली मंडल, गुलाब झा और संतोष झा को आजीवन कारावास की सजा दी गई है, जबकि अजीत कुमार पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अन्य दोषियों पर 10–10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

अपर लोक अभियोजक योगेंद्र प्रसाद मंडल ने इस फैसले को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह मामला न्यायालय द्वारा तथ्यों और गवाहों के बयान पर आधारित फैसला था, जिसने हत्या के आरोपियों को सजा दिलाई। यह फैसला हत्याओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की ओर एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अब पूरे मामले

## एनडीए जीतेगी 225 सीटें, अंबेडकर जन संवाद रथ यात्रा के दौरान किशनगंज में राजेश त्यागी और मंत्री अशोक चौधरी का दावा

किशनगंज में शुक्रवार को जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने अंब. `डकर जन संवाद रथ यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को संबोधित किया। संध्या लगभग 4 बजे किशनगंज पहुंचने पर जदयू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। नेताओं को माला पहनाकर और फूलों से सम्मानित किया गया।

मंत्री अशोक चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को जदयू की नीतियों और विकास कार्यों से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू को अपना समर्थन दें।

ठाकुरगंज के नयागंज में आयोजित सभा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के लोगों से संवाद किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में बड़े सुधार हुए हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने और जदयू को समर्थन देने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान राजेश त्यागी ने पार्टी की भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगी और एनडीए गठबंधन 225 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनका प्रशासनिक अनुभव और विकास कार्य पार्टी की बड़ी ताकत हैं।

## सीतामढ़ी में सैलून में हुई एक्सीडेंटल फायरिंग, युवक घायल; पुलिस हथियार की तलाश में जुटी

सीतामढ़ी के कपरौल चौक स्थित एक सैलून में बुधवार को एक्सीडेंटल फायरिंग की घटना हुई, जिसमें बिहारी यादव नामक एक युवक घायल हो गया। युवक को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, घटना के समय दो दोस्त सैलून में बैठे हुए थे, तभी अचानक गोली चलने की आवाज आई। गोली लगने से अफरा–तफरी मच गई, और घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने बताया कि अब तक फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार का कोई पता नहीं चल पाया है। सदर डीएसपी रामकृष्ण ने कहा कि पुलिस हथियार की तलाश में जुटी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हथियार किसके पास था और कहां से आया। घायल युवक कपड़ा गांव का निवासी है। फिलहाल पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही सभी तथ्यों को सामने लाने का प्रयास कर रही है।







